छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
Formerly Kanpur University, Kanpur
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 1432 /2024 दिनांकः 02/01 /2024

अधिसूचना

आदेशानुसार अवगत कराना है कि सत्र 2022–23 में सम्पन्न हुई वार्षिक मुख्य परीक्षा एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों (मेडिकल पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा किसी कारणवश छूट गई थी अथवा वे अनुपस्थित हो गये थे, ऐसे अर्ह छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः ऐसे अर्ह छात्र/छात्रा निर्धारित शुल्क जमा करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन करना सुनिश्चित करें:–

विवरण	आवेदन की अन्तिम तिथि
सत्र 2022–23 की छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु	दिनांक 05.01.2024 तक

जिन छात्र/छात्राओं द्वारा सत्र 2022–23 की छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी मीडिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा विश्वविद्यालय के होम पेज पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैय0 सहायक वित्त अधिकारी/कुलसचिव।
6. अभिलेख खण्ड।

(सत्य प्रिय सामन्त)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)